# पाठ–10

# क्रिया

## उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

1. 'लज्जा' शब्द को नामधातु क्रिया में बदलने पर रूप होगा–

   (i) लज्जाना ☐ (ii) लजवाना ☐ (iii) लजाना ☐

2. क्रिया के मूल शब्द को कहते हैं–

   (i) धातु ☐ (ii) शब्द ☐ (iii) रचना ☐

3. मुख्य क्रिया से पहले होने वाली क्रिया कहलाती है–

   (i) पूर्वकालिक ☐ (ii) प्रेरणार्थक ☐ (iii) संयुक्त ☐

4. वाक्य में दो या दो से अधिक धातुओं के मेल से बनी क्रिया कहलाती है–

   (i) नामधातु ☐ (ii) सकर्मक ☐ (iii) संयुक्त ☐

## रिक्त स्थान भरिए–

1. अकर्मक क्रिया में ________ नहीं होता।
2. प्रयोग के आधार पर क्रिया के ________ भेद हैं।
3. संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण इत्यादि से बनी क्रिया ________ कहलाती है।
4. प्रेरणार्थक क्रिया में ________ कर्ता होते हैं।
5. सामान्य क्रिया में वाक्य में केवल एक ही ________ होती है।

## वाक्यों में से क्रिया-शब्द छाँटकर लिखिए–

1. शंकर किताब पढ़ रहा है। ________
2. मोर नाचता है। ________
3. चिड़ियाँ चहचहाती हैं। ________
4. बालक पढ़कर सो गया। ________
5. वाल्मीकि ने रामायण लिखी। ________

✿ **निम्नलिखित शब्दों की सही नामधातु क्रिया लिखिए—**

| शब्द | नामधातु क्रिया |
|---|---|
| शर्म | ________ |
| बात | ________ |
| आप | ________ |
| झूठ | ________ |
| नरम | ________ |

LIVEWORKSHEETS